आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–24 *फरवरी* 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रयागराज महाकुंभ में स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या बासठ करोड़ के पार। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– हर तरफ चर्चा का केन्द्र बना प्रयागराज महाकुंभ।
- संत गाडगे जी महाराज की जयंती पर महाकुंभ नगर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। कहा– सामाजिक न्याय के अग्रदूत थे संत गाडगे।
- मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गम्भीर स्वास्थ्य समस्या मोटापे पर जतायी चिंता। बोले–छोटे–छोटे प्रयासों से निपट सकते हैं इस चुनौती से।
- यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इण्टरमीडिएट की परीक्षायें आज से। चौवन लाख से ज्यादा परीक्षार्थी हो रहे हैं शामिल। राज्यस्तरीय कंट्रोल रूम से परीक्षा केन्द्रों की होगी निगरानी।

**********

प्रयागराज महाकुम्भ में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला जारी है। कल एक करोड़ बत्तीस लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने पवित्र त्रिवेणी में स्नान किया। तेरह जनवरी से लेकर कल देर शाम तक स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या बासठ करोड़ छह लाख से अधिक पहुंच गई। कल भी कई विशिष्ट लोगों ने महाकुंभ स्नान किया। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

***उत्तराखंड के राज्यपाल सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने पवित्र संगम में स्नान किया। इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि इस अनुभव को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता और केवल महसूस किया जा सकता है। ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी भी त्रिवेणी संगम पहुंचे। स्नान के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकुंभ आस्था, परंपरा और दिव्यता का संगम है। उन्होंने ओडिशा के लोगों की ओर से इस अवसर पर श्रद्धा व्यक्त की। लोकसभा सांसद और भाजपा नेता संबित पात्रा ने स्नान के बाद इसे एक दिव्य क्षण बताया। इसके साथ ही गायक कैलाश खेर, फिल्म निर्माता बोनी कपूर और शंकराचार्य भारती तीर्थ महास्वामी ने भी पवित्र संगम में आस्था की डुबकी लगाई। आदर्श के साथ अभिषेक कपिल, आकाशवाणी समाचार, प्रयागराज।***

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ हर तरफ चर्चा का केंद्र बना हुआ है। उन्होंने मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले में कल बागेश्वरधाम चिकित्सा और विज्ञान अनुसंधान संस्थान की आधारशिला रखने के बाद लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि ये एकता का महाकुंभ है जो सदियों तक देश में एकता का अमृत परोसता रहेगा।

***महाकुंभ की हर तरफ चर्चा हो रही है ये एकता का महाकुंभ है। आने वाली सदियों तक 144 युग वर्ष के बाद हुआ ये महाकुंभ एकता के महाकुंभ के रूप में प्रेरणा देता रहेगा और देष की एकता को मजबूती देने का अमृत परोसता रहेगा।***

इस बीच, पंद्रह हजार स्वच्छताग्राही आज प्रयागराज महाकुंभ के सभी चार जोन में एक साथ साफ सफाई कर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में इस सफाई अभियान का नाम दर्ज करवाने का प्रयास करेंगे। उधर, महाकुंभ के आखिरी स्नान महाशिवरात्रि को लेकर प्रशासन तैयारियों को अंतिम रूप दे रहा है। महाकुंभ डीआईजी वैभव कृष्ण ने कहा है कि पुलिस का प्रयास रहेगा कि कुंभ मेला क्षेत्र में कहीं भी ट्रैफिक जाम न हो। भीड़ प्रबन्धन के लिए पुलिस तैयार है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी कल प्रयागराज पहुंचे और महाकुंभ मेला महोत्सव में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि महाकुंभ अपनी परम्परा को अभिव्यक्त करने का माध्यम बन गया है। मुख्यमंत्री ने महाकुंभ में कांची कामकोटि पीठाधीश्वर शंकराचार्य विजयेन्द्र सरस्वती से मुलाकात की और उनका आशीर्वाद लिया।

**********

संत गाडगे जी महाराज की एक सौ उन्चासवीं जयंती पर कल प्रयागराज के महाकुम्भ नगर के सेक्टर एक स्थित गंगा पंडाल में भव्य समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संत गाडगे जी को नमन करते हुए कहा कि वे सामाजिक न्याय के अग्रदूत थे, जिन्होंने जातिवाद, अंधविश्वास और अस्वच्छता के खिलाफ व्यापक जनजागरण कर समाज को नई दिशा दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि–

**संत गाडगे जी महाराज शिक्षा के प्रति जागरूक भी करते थे, जातिवादी व्यवस्था का विरोध करते थे और उस समय उनके द्वारा अंधविश्वास का भी विरोध होता था, रूढ़िवादिता का भी विरोध होता था। लेकिन वे जहां भी जाते थे अपने साथ झाडू रख के स्वच्छता के प्रति आमजन को जागरूक भी करते थे।**

मुख्यमंत्री ने कहा कि अगले वर्ष संत गाडगे जी महाराज की एक सौ पचासवीं जयंती को और भव्य तरीके से मनाया जाएगा।

**********

केंद्रीय विदेश मंत्री एस जयशंकर कल वाराणसी के काशी हिंदू विश्वविद्यालय में काशी तमिल संगमम के तीसरे संस्करण के अंतर्गत परंपरा, प्रौद्योगिकी और विश्व विषय पर आयोजित अकादमिक सत्र में शामिल हुए। इस अवसर पर विदेश मंत्री ने तमिलनाडु और

काशी के बीच गहरे सास्कृतिक संबंधों का भी उल्लेख किया। इस सत्र में पैंतालिस देशों के राजदूत और डिप्लोमेट्स ने भी भाग लिया। इसके पश्चात विदेश मंत्री ने विश्व बंधु विषय पर आईआईटी–बीएचयू वाराणसी के छात्र छात्राओं से संवाद किया।

इस बीच, संगमम में आए अतिथियों के दल को कल काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन पूजन के साथ प्रसाद ग्रहण कराया गया। सूचना और प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा ऋषि अगस्त्य एवं विकसित भारत विषय पर लगायी गयी चित्र प्रदर्शनी भी काशी तमिल संगमम में विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। नागालैंड के राज्यपाल श्री ला गणेशन ने भी कल इस प्रदर्शनी का अवलोकन कर सराहना की।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम की एक सौ उन्नीसवीं कड़ीं में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा किए। प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम में एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या मोटापे का विशेष तौर पर उल्लेख किया।

***अधिक वजन या मोटापा कई तरह की परेशानियों को, बीमारियों को भी जन्म देता है। हम सब मिलकर छोटे–छोटे प्रयासों से इस चुनौती से निपट सकते हैं, जैसे एक तरीका मैंने सुझाया था, "खाने के तेल में दस पर्सेन्ट 10: की कमी करना"। आप तय कर लीजिए कि हर महीने 10: कम तेल उपयोग करेंगे।***

प्रधानमंत्री ने घोषणा की कि इस बार महिला दिवस पर विशेष पहल के तहत वह अपने सोशल मीडिया एकाउंट को देश के कुछ प्रेरक महिलाओं को एक दिन के लिये सौंपने जा रहे हैं। मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने उत्तराखंड में राष्ट्रीय खेलों के रोमांच की चर्चा करने के दौरान उत्तर प्रदेश के भालाफेंक खिलाडी सचिन यादव और हैमर थ्रो खिलाड़ी सोलह वर्षीया अनुष्का यादव के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर प्रसन्नता जतायी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री द्वारा मन की बात कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों की उपलब्धियों का उल्लेख करने पर आभार जताया।

**********

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद– यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इण्टरमीडिएट की परीक्षायें आज से शुरू हो रही हैं। इस बार आठ हजार से अधिक परीक्षा केन्द्रों पर चौवन लाख से ज्यादा परीक्षार्थी हाइस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा देंगे। पहले दिन दोनों पालियों में हिन्दी का पेपर होगा। प्रदेश सरकार ने यूपी बोर्ड की परीक्षाओं को पारदर्शी, सुरक्षित व नकलविहीन बनाने की पूरी तैयारी की है। परीक्षा को सुचारु रुप से संचालित करने के लिए राज्य स्तरीय कंट्रोल रुम से परीक्षा केंद्रों की सीसीटीवी निगरानी होगी। संवेदनशील परीक्षा केन्द्रों पर विशेष निगरानी की व्यवस्था के साथ एसटीएफ और एलआईयू को भी सक्रिय किया गया है।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी अट्ठाइस फरवरी को दिल्ली में सूफी संगीत समारोह जहान–ए–खुसरो के रजत जयंती कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। कल लखनऊ में एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी जहान–ए–खुसरो के संस्थापक और फिल्मकार मुजफ्फर अली ने दी। उन्होंने कहा कि सूखी संगीत समारोह की रजत जयंती में प्रधानमंत्री की उपस्थिति भारत की महान आध्यात्मिक समग्रता का प्रमाण है। संवाददाता सम्मेलन में प्रसार भारत के अध्यक्ष नवनीत सहगल भी मौजूद रहे।

**********

भगवानबुद्ध की महापरिनिर्वाण स्थली कुशीनगर में आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय थाई महोत्सव का आज समापन हो जाएगा। आज इस महोत्सव में कई देशों के बौद्ध भिक्षु हिस्सा ले रहे हैं। कल महोत्सव के शुभारंभ के अवसर पर थाई बुद्ध मोनास्ट्री से महापरिनिर्वाण मन्दिर तक आकर्षक रथों पर भगवान बुद्ध की पवित्र धातु शोभायात्रा निकाली गयी। साथ ही विश्व शांति की कामना भी की गई।

**********